तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

10 छात्रों को पढ़ाया आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा का पाठ

10 वाहे गुरु जी दा खालसा, वाहे गुरु जी दी फतेह से गुंजा शहर

खबर संक्षेप

अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

जींद। सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। संबंधित थाना पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव दहमन निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बहन से मिलने के लिए बाइक पर सवार हो कर गांव ढिगाना जा रहा था।

कार की चपेट में आने से युवक घायल

कैथल। टयोंठा में एक कार चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पवन ने थाना में शिकायत दी कि 13 को वह बाइक पर अपने गांव की मुख्य सडक पर जा रहा था। वहां अज्ञात कार चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया।

अवैध असलहा के साथ दिल्ली का युवक काबू

जींद। सीआईए स्टाफ ने एकलव्य स्टेडियम के पास एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि एकलव्य स्टेडियम के पास एक युवक अवैध असलाह के साथ खडा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया।

मारपीट के 2 मामलों में दो व्यक्ति घायल

कैथल। दो मामलों में दो व्यक्ति घायल हो गए। पहले मामले में गांव असमानपुर के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन कुमार ने चीका थाना में शिकायत दी कि 14 दिसंबर को कार में सवार होकर गुहला रोड चीका से जा रहा था। वहां पर आरोपी हरिचंद, सुभाषचंद, अविनाश, रोहित व राहुल ने उसे डंडे व लाठियों से चोटें मारी।

पत्नी को बेरहमी से पीटा, शिकायत दर्ज

जींद। जुलाना के वार्ड 12 में पत्नी के साथ मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बबीता ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की बीती शाम उसकी पति राजेश के साथ कहासुनी हो गई। जिस पर उसके पति ने बेरहमी से मारपीट की। जुलाना थाना पुलिस ने बबीता की शिकायत पर राजेश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फोन छीनने का आरोपित दबोचा

कैथल। मोबाइल फोन छीनने के एक मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एचसी मनीष कुमार की टीम द्वारा करते 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ने के अतिरिक्त आरोपी सीवन निवासी राजीव को काबू किया गया। आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई।

संदिग्ध हालात में युवती लापता, मुकदमा दर्ज

जींद। भटनागर कालोनी से युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।भटनागर कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 21 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का कोई सुराग नहीं लगा।

छात्रा से छेड़खानी का आरोप, शिकायत दर्ज

कैथल। कस्बा चीका की कॉलोनी में स्कूल जाते समय एक युवती से छेड़खानी के आरोप में दो व्यक्तियों को नामजद किया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि जब उसकी 19 वर्षीय बेटी स्कूल में जाती थी तो आरोपी नितिन व रवि उसके साथ छेडखानी करते थे। 14 दिसंबर को उसकी बेटी ने उन्हें इस बारे में जानकारी दी।

मित्र स्मृति दिवस समारोह में चौ.मित्रसेन के जीवन दर्शन पर वक्ताओं ने रखे विचार

स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य जी की 93वीं जयंती पर जिमखाना क्लब में मित्र स्मृति दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य जी की 93वीं जयंती को जींद के जिमखाना क्लब में शुक्रवार को मित्र स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्व. चौधरी मित्रसेन के जीवन दर्शन से प्रेरणा पर व्यक्ताओं ने चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डा. सुदेश, कुरूक्षेत्र विवि के पूर्व कुलपति डा. अविनाश चावला ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ढांडा खाप एवं जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान देवव्रत ढांडा ने की। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने अतिथियों का स्वागत किया और स्व. चौधरी मित्रसेन के जीवन के विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला। स्व. मित्रसेन जी के जीवन पर डाक्यूमेंटरी दिखाई गई। वहीं आर्य समाज के भजन उपेदश भी गाए गए।

जींद। कार्यक्रम में वीसी डॉ. सुदेश और देववर्त ढांडा को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। *फोटो :हरिभूमि*

शिक्षा, विद्या, ज्ञान सबसे बड़ी ताकत : कैप्टन अभिमन्यु

कैप्टनअभिमन्यू ने कहा कि स्व. मित्रसेन जी आर्य कहते थे कि शिक्षा, विद्या, ज्ञान सबसे बड़ी ताकत धन और सौंदर्य है। सभी को साथ लेकर चलते थे। उनके जीवन को अपने जीवन मे उतार लाभ लेना उद्देश्य है। कहा कि इंडस ग्रुरप जींद में बडा कोचिंग इस्टीटयूट खोलने जा रहा है। यहां के बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा या दिल्ली नहीं जाना पडेगा। अव्वल रहने वाले 30 छात्रों को निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। अतिथियों को कै. अभिमन्यु, मेजर सत्यपाल, डा. एकता, अर्चना श्योराण ने भारत मित्र स्तम्भ तथा शॉल देकर सम्मानित किया।

मित्रसेन जी आर्य सच्चे वैदिक पथ प्रदर्शक : डॉ. चावला

मुख्य वक्ता कुरूक्षेत्र विवि के पूर्व वीसी डा. अविनाश चावला ने कहा कि स्व. चौधरी मित्रसेन जी आर्य सच्चे वैदिक पथ प्रर्दशक थे। बहुत कम पढे, फिर भी उर्दू के साथ हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के साथ वेदों के ज्ञात होने के साथ एक महान विचारक थे। आर्य समाज के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज सुधार के साथ व्यापार को आगे बढाया। प्रबंधन का हर पहलू उनसे सीखें। बचपन दिक्कतमें बीता, फिर दृढ़ संकल्प और ईमानदारी से आगे बढ़ते हुए आज हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। पूरी जिंदगी किसी का बुरा नहीं किया।

चौ.मित्रसेन आर्य दार्शनिक थे : वीसी प्रो. डॉ. सुदेश

भगत फूल सिंह महिला विवि की की वीसी प्रो. डा. सुदेश ने कहा कि स्व. चौधरी मित्रसेन जी आर्य एक दार्शनिक थे। हर छोटी से छोटी बाते परिवार की भांति शेयर करते थे। वे अपने अंदाज से सहज और सरल भाव से वेदों तथा अपना ज्ञान देते थे।आचरण के बारे मे जो महसूस करते थे, उसी के अनुरूप जीते थे। उनका जीवन बहुत अनुशासित था। जिस नई शिक्षा की बात आज कर रहे हैं, उन्होंने 50 साल पहले इजाद कर दिया था। व्यक्ति के हुनर को बखूबी पहचाना और उन्हें मौका दिया। अपने साथ-साथ दूसरों को आगे बढ़ाने का मौका दिया।

स्व. चौधरी मित्रसेन का जीवन अहंकार रहित : ढांडा

ढांडा खाप के प्रधान एवं जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान देववर्त ढांडा ने कहा कि स्व. चौधरी मित्रसेन के बारे जितनी बातें की जाएं, वह उनके चरित्र के सामने बहुत छोटी हैं। उनका जीवन संस्कारपूर्ण तथा अहंकाररहित था। हमेशा द्वेष से दूर रहे। उन्होंने पूरा जीवन आर्य समाज पथ पर चलते हुए समाज सुधारक के रू में बिताया। जात-पात को उन्होंने उत्तम तथा बुरा आचरण के रूप में माना। पूरे परिवार को संस्कार भी अच्छे दिए। किसी को घर से खाली हाथ नहीं जाने दिया। हर किसी का मान-सम्मान किया।

आशीष देशवाल उपप्रधान, विनोद श्योकंद सचिव , दीपक सैनी सहसचिव चुने

राकेश मलिक के सिर पर सजा जींद बार एसोसिएशन का ताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला बार एसोसिएशन का ताज राकेश मलिक के सिर सजा है। राकेश मलिक 24 वोटों से प्रधान, आशीष देशवाल 235 वोटों से उपप्रधान, विनोद श्योकंद 440 वोटों से सचिव तथा दीपक सैनी 218 वोटों के अंतर से सहसचिव चुने गए हैं। सुबह आढ़े आठ बजे मतदान शुरू हुआ था, जो चार बजे तक चला। कुल 1141 वकीलों में से प्रधान के लिए 982 वकीलों ने मतदान किया जबकि अन्य पदों के लिए 981 वकीलों ने मतदान किया। जीत के बाद राकेश मलिक व अन्य पदाधिकारियों का सभी वकीलों ने स्वागत किया। पांच बजे मतों की गिनती का कार्य शुरू हुआ। रिटर्निंग अधिकारी वीरेंद्र सिंह लाठर ने परिणाम जारी करते हुए बताया कि राकेश मलिक को 501 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विकास लोहान को 477 वोट मिले। 982 में से चार वोट रद हो गए। राकेश मलिक 24 वोटों से विजेता घोषित किए गए। उपप्रधान पद के लिए 981 वकीलों ने मतदान किया। इनमें से छह मत रद्द हो गए। संदीप चौहान को 370 तथा आशीष देशवाल को 605 वोट मिले। आशीष देशवाल 235 मतों के अंतर से जीत गए। सचिव पद के लिए 981 वकीलों ने मतदान किया। इनमें से चार वोट रद हो गए। विनोद श्योकंद को 656, पूनम रंगा को 216 तथा देशराज सरोहा को 105 वोट मिले। विनोद श्योकंद सबसे अधिक 440 वोटों से चुनाव जीत गए। सहसचिव पद के लिए 981 वकीलों ने मतदान किया। इनमें से सात वोट रद्द हो गए। दीपक सैनी को 596 तथा विजय नेहरा को 378 वोट मिले। दीपक सैनी 218 वोटों से विजयी घोषित किए गए।

राकेश मलिक को 501 जबकि प्रतिद्वंद्वी विकास लोहान को 477 वोट मिले

राकेश मलिक प्रधान, आशीष देशवाल उप प्रधान, विनोद श्योकंद सचिव।

सभी को साथ लेकर काम करेंगे: मलिक

जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचि प्रधान राकेश मलिक ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं का उनकी जीत में सहयोग रहा है। सभी वकीलों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करवाए जाएंगे। पहले चल रहे कार्यों को पूर्ण करवाया जाएगा। सभी वकीलों को साथ लेकर काम करेंगे।

कैथलः जितेंद को 2 मतों से हराकर बलजिंदर प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान पद के चुनाव में बलजिंदर सिंह मलिक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जितेंद्र कुमार शर्मा को दो मतों से हराकर बार एसोसिएशन के प्रधान पद पर कब्जा कर लिया। बलजिंदर सिंह मलिक को 533 तथा जितेंद्र कुमार शर्मा को 531 मत मिले। इसी प्रकार से उप प्रधान के चुनाव में सुभाष चंद्र को 518 तथा विनय गर्ग को 566 मत मिले। ऐसे में विनय गर्ग उप प्रधान चुने गए। सचिव के लिए गौरव वधवा को 566 तथा मनदीप चहल को 526 मत मिले। इस प्रकार गौरव वाधवा 30 मतों से बिजी रहे। संयुक्त सचिव सुमन को पहले ही निर्विरोध चुन लिया गया था। इसके अलावा खजांची के चुनाव में इंद्रजीत माटा को 782 तथा संजीव कुमार सैनी को 313 मत मिले। इस प्रकार इंद्रजीत माटा को खजांची चुना गया। यह जानकारी जिला चुनाव अधिकारी रमेश कुमार सरदाना, विजय कुमार शर्मा तथा सहायक चुनाव अधिकारी बलवान सिंह और सचिन सिंघल ने दी।

बलजिंदर सिंह मलिक।

जींद। प्रदर्शन करते खाप नेता। *फोटो :हरिभूमि*

लीव इन रिलेशनशिप कानून रद्द किया जाए

- सर्वखाप जनकल्याण मंच किसान संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसानों व अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर सर्वखाप, जनकल्याण मंच व किसान संगठनों ने शुक्रवार को शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले खाप व किसान नेता गोहाना रोड पर नई कचहरी के सामने एकत्रित हुए। सर्वजातीय कंडेला खाप व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि देश के किसानों की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। इसलिए केंद्र सरकार को किसानों के सभी कर्ज माफ करने चाहिए। इसके साथ-साथ स्वामीनाथन आयोग की पूर्ण रिपोर्ट को लागू करना चाहिए। फसलों का सभी एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए। सहकारी बैंकों के द्वारा किसानों से जो ब्याज वसूला जा रहा है, उसे बंद करना चाहिए व कर्ज माफ करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में लिव इन रिलेशनशिप जैसे कानून को रद्द किया जाए। जिला जींद हमेशा से ही हरियाणा की राजनीति का केंद्र बिंदू रहा है, यहां से ही सरकार बनती व गिरती है। आंदोलन की शुरुआत जिला जींद हमेशा से ही अग्रणी भूमिका निभाता है और यहां बेरोजगारी की दर सबसे 'यादा है। केंद्र सरकार को यहां एक बड़ा कारखाना लगाना चाहिए। जिसमें जिले के कम से कम 15 हजार युवाओं को रोजगार मिल सके। जींद के मेडिकल कॉलेज की ओपीडी तुरंत प्रभाव से शुरू की जाए, इसमें युवाओं की भागीदारी 'यादा से 'यादा हो। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष जयदीप चहल, जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष पवन मोर, जिला जींद के किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संसार कुंडू आदि मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन बहाल करे सरकार: शिवचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर हरियाणा विधानसभा सत्र के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कर्मचारी असेंबली आयोजित करने की कड़ी में लघु सचिवालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शिवचरण ने व संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। सत्र के दौरान जिला संगठन सचिव जसबीर ने स्पीकर की भूमिका निभाई। राज्य महासचिव नरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।कर्मचारी सदन में कर्मचारियों व जनता से जुड़े मुद्दों से संबंधित 4 प्रस्ताव पेश किए गए। इसमें सहयोगी संगठनों सीटू, किसान सभा, ज्ञान विज्ञान समिति व रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने भी भागीदारी की। जिला सचिव मास्टर रामपाल ने बताया कि कच्चे कर्मियों की नियमितीकरण व समान काम, समान वेतन का प्रस्ताव बिजली से राज्य सचिव अभिषेक शर्मा ने पेश किया। पुरानी पेंशन वैधानिक अधिकार का प्रस्ताव ब्लॉक सचिव मास्टर नारायण दत्त ने, रोजगार के विस्तार का प्रस्ताव चतुर्थ श्रेणी से जिला सचिव कपिल सिरोही ने और सार्वजनिक सेवाओं की उपलब्धता, गुणवता व कर्मयोगी का प्रस्ताव जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल ने पेश किया।

कैथल। डीसी कार्यालय के अधिकारी को ज्ञापन सौपते कर्मचारी।

खड़े सूखे पेड़ को हटाने की मांग उठाई

राजौंद। गांव सेरधा के मुख्य मार्ग पर घर के सामने खड़े सूखे पेड़ को हटाने की कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा जिससे परिवार के लोगों में भय बना हुआ है। इस बारे जानकारी देते हुए मकान मालिक जसमेर सिंह ने बताया कि उसके मकान के दरवाजे के सामने सूखा हुआ पेड़ है। जो काफी समय से सूख चुका है उसने बताया कि वह सूखा हुआ पेड़ गिरकर कभी भी कोई हादसा हो सकता है। क्योंकि छोटे.छोटे बच्चे घर के बाहर दरवाजा के सामने खेलते रहते हैं और यह पेड़ न हटाया गया तो किसी भी समय घटना को अंजाम दे सकता है। उसने बताया कि इस बारे वह लिखित व मौखिक रूप में कई बार संबंधित विभाग को व प्रशासन को भी शिकायत दे चुका है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही उसने प्रशासन में संबंधित विभाग से मांग कि है की दरवाजे के सामने खड़े पेड़ को हटाया जाए।

सफाई कर्मियों ने की नारेबाजी

- कर्मचारियों को पक्का किया जाए समान काम समान वेतन दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले सीवन नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने नगरपालिका प्रांगण में शुक्रवार को धरना दिया। ब्लाक प्रधान राजिन्द्र कुमार की अगुवाई में दिए गए इस धरने में सभी सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। राजिन्द्र कुमार ने अपनी मांगों के बारे में बताया कि सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। समान काम समान वेतन दिया जाए। जोखिमपूर्ण काम करने वाले कर्मचारियों को 5 हजार रुपये जोखिम भत्ता दिया जाए। न्यूनतम वेतन 24 हजार रुपये किया जाए। पालिका, परिषदों, निगमों के सभी कर्मचारियों को 100-100 वर्गगज के प्लाट सस्ती दरों पर या आवासिय कालोनी निर्माण किया जाए। सभी कर्मचारियों को वर्दी, जूते व अन्य सुविधाएं दी जाएं। इस अवसर पर धर्मपाल, श्याम लाल, ओम प्रकाश, सुरेश, विमला, ममता, सुमन, रानी, मीना, सोमदत आदि मौजूद रहे।

सीवन नगरपालिका में धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विधानसभा सत्र में दी जानकारी

पिल्लूखेड़ा के पास 3800 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिला को भी शीघ्र ही औद्योगिक क्षेत्र कह कर पुकारा जाने लगेगा। जींद से नेशनल हाईवे 152डी तथा जम्मू-कटरा एक्सप्रेस वे निकलने से औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होने की सभी प्रकार की संभावनाएं बन गई हैं। सरकार ने पिल्लूखेड़ा क्षेत्र के आसपास 3800 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। शुक्रवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इसकी जानकारी दी है। किसानों से जमीन खरीदने के लिए सरकार ने ई-भूमि पोर्टल पर जमीन की मांग की है। काफी किसानों ने अपनी जमीन औद्योगिक क्षेत्र को देने के लिए प्रस्ताव भी भेजे हैं। अगले वर्ष तक इस योजना पर काम शुरू होने की उम्मीद है। सरकार के अनुसार साइट-एक के लिए दो हजार एकड़ जमीन की जरूरत है। इसके लिए खरकगादियां गांव की लगभग 440 एकड़, ढाठरथ की लगभग 1080 एकड़, जामनी की 315 एकड़, खेड़ी तलोड़ा की 150 एकड़ और अमरावली खेड़ा गांव की 15 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। साइट नंबर दो के लिए 1800 एकड़ जमीन मांगी गई है। इसके लिए गांव जामनी की 890 एकड़, भूरान गांव की 610 एकड़ व अमरावली खेड़ा की 300 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। इन गांवों के काफी किसानों ने अपनी जमीन देने के लिए हां भी कर दी है। उम्मीद है जल्द ही सभी किसान अपनी जमीन देने के लिए हां कर देंगे और परियोजना को हरी झंडी मिल जाएगी। नेशनल हाइवे नंबर 152 डी शुरू हो चुका है और अगले वर्ष दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे व ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे भी शुरू हो जाएगा। इसके अलावा कई अन्य नेशनल हाइवे भी जींद से गुजरते हैं। जींद से दिल्ली, रोहतक, हिसार, कैथल, चंडीगढ़, नारनौल, पटियाला तक सभी बड़े शहर नेशनल हाइवे से जुड़ गए हैं। यह हाइवे बनने से जिला सभी तरफ से यातायात से जुड़ जाएगा तथा इन एक्सप्रेस वे के बल पर जींद की तस्वीर बदल जाएगी।

जिले के युवाओं को होगा फायदा

फिलहाल जींद जिले के युवा रोहतक, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पटियाला, अंबाला में काम करने के लिए जाते हैं। इससे इनका समय व धन दोनों ही अधिक खर्च होते हैं। जींद में औद्योगिक क्षेत्र शुरू होने के बाद इन युवाओं को दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ेगा बल्कि अपने स्थानीय शहर में ही काम मिल जाएगा। इसके अलावा अन्य बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण

कैथल। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता जीन्द-कैथल की टीम द्वारा रविन्द्र कुमार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री उड़नदस्ता जीन्द-कैथल के नेतृत्व में आशीष कुमार नायब तहसीलदार कैथल को सक्षम अधिकारी नियुक्त करवाकर जिला कल्याण अधिकारी कैथल कार्यालय मे औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालय मे जिला कल्याण अधिकारी सीमा रानी हाजिर मिली। कार्यालय का हाजिरी रजिस्टर लेकर चैक किया गया। हाजिरी रजिस्टर के अनुसार कार्यालय मे 17 कर्मचारी तैनात है जिनमे से 15 कर्मचारी हाजिर पाए गए। मोहन सिंह तहसील कल्याण अधिकारी के पास झज्जर का अतिरिक्त चार्ज होने की वजह से झज्जर गए हुए है।

जरूरी सूचना

हम जनता को सूचित करना चाहेंगे कि सिग्नस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कैथल ने वर्ष 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2018 तक के मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से नष्ट करने की पहल की है। यह प्रक्रिया गोपनीयता और डेटा सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुपालन में है। यदि कोई व्यक्ति इस अवधि से अपना मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त करना चाहता है तो वह दिनांक 13-01-2024 तक सीधे सिग्नस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल से संपर्क करें। कृपया हमारे निर्दिष्ट विभाग से संपर्क करें और हमारे कर्मचारी पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया में आपकी सहायता करेंगे। 13-01-2024 के बाद मेडिकल रिकॉर्ड से संबंधित डाटा नष्ट कर दिया जाएगा तथा अस्पताल प्रबंधन 31 दिसंबर 2018 से पूर्व का डाटा देने में असमर्थ होगा। सभी संबंधित नोट करें।

प्रबंधक,
सिग्नस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कैथल।

खबर संक्षेप

ब्राह्मण धर्मशाला में कांग्रेस की बैठक कल

जुलाना। जुलाना की ब्राह्मण धर्मशाला में कल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व हलका प्रत्याशी धर्मेन्द्र सिंह ढुल करेंगे। जानकारी देते हुए प्रोण धर्मेन्द्र सिंह ढुल ने कहा कि 17 दिसम्बर को जुलाना की ब्राह्मण धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति बनाई जाएगी। इसके अलावा कार्यकारिणी का गठन किया जाना है।

आधारशिला स्कूल में पैशन की पाठशाला

जींद। आधारशिला पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छठी कक्षा के बच्चों के लिए पैशन की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के निर्देशिका अंजू सिहाग नें शिरक्त की। कार्यक्रम में छठी कक्षा के बच्चों के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

परोपकार करना ही जीवन की सार्थकता

सफीदों। सफीदों की एसएस जैन स्थानक में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन संत शास्त्री उपेंद्र मुनि ठाणे-4 ने कहा कि एक बार भगवान महावीर से उनके प्रधान शिष्य गौतम पूछते हैं कि प्रभु अभिमान को कैसे जीते, भगवान महावीर कहते हैं कि सुनो! गुरु का सम्मान करो, माता-पिता व बड़ों का सम्मान करो, जो तुम्हारे से आयु में बड़े हैं, अनुभव में बड़े हैं, दीक्षा में बड़े हैं उन्हें इज्जत दो, उनकी विनय करो।

डिप्टी सीएम का पांचाल समाज ने जताया आभार

उचाना। श्री विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला उचाना कमेटी द्वारा रखी गई मांगों को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा मांगे जाने पर पांचाल समाज ने आभार प्रकट किया। चंडीगढ़ आवास पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मिलकर उनको भाईचारे का प्रतीक हुक्का भेंट किया। पांचाल समाज पूर्व प्रधान गंगादत्त पांचाल की अगुवाई में युवा, पांचाल समाज टीम पहुंची।

मतदान करने के प्रति किया जागरूक

जींद। मतदाताओं को मतदान कैसे करें इसकी पूर्णतया जानकारी देने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जिला में एक अनूठा अभियान चलाया गया। इस अभियान को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश नमिता ने शुक्रवार सांय संयुक्त रूप से लघु सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान में पांच वाहनों को रवाना किया गया है।

प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौलः मयंक पटेल

उचाना। शहर की लाला भगतराम प्यारेलाल घोघड़िया धर्मशाला में कांग्रेस संगठन को लेकर मीटिंग हुई। जिला इंचार्ज मयंक पटेल, हलका इंचार्ज सुभाष ने हिस्सा लिया। पटेल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को हलके को चार बूथ, सेक्टर, मंडल, ब्लॉक में बांटा है। अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ने के साथ केंद्र, सरकार की जनविरोधी नीतियों बारे जन-जन को अवगत करवाना भी मीटिंग का उद्देश्य है।

बाल आश्रम में दिया एक महीने का राशन

उचाना। स्वतंत्र समूह सेवा समिति की तरफ से कलाम बाल आश्रम जींद में रह रहे अनाथ बच्चों के लिए एक महीने का राशन मुहैय्या करवाया गया। समिति की तरफ से आश्रम के बच्चों के लिए एक महीने का राशन जिसमें दाल, चावल, आटा, घी, चीनी सहित अन्य सामान उपलब्ध करवाया। सतीश खटकड़, रवींद्र देशवाल, कश्मीर ढांडा, राकेश श्योकंद मौजूद रहे।

पात्रों के लिए आयुष्मान योजना वरदान

सफीदों। जिला के पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के मालसरीखेड़ा, मोरखी, जुलाना खंड के शामलो कलां, गतौली, उचाना खंड के खापड़, भौंगरा, सफीदों खंड के रोजला, बहादुरगढ़, जींद खंड के जुलानी, जलालपुरा कलां गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया।

नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी गुरु पर्व पर शहर में निकाला नगर कीर्तन

वाहे गुरु जी दा खालसा, वाहे गुरु जी दी फतेह से गुंजायमान हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे और नगर कीर्तन के दौरान पालकी में सजाए गए गुरु ग्रंथ साहिब तथा पंज प्यारों का स्वरूप बने छोटे-छोटे बच्चे। फोटो : हरिभूमि

■ शहर में जगह-जगह हुआ नगर कीर्तन का भव्य स्वागत

आगामी 17 दिसंबर रविवार को मनाए जा रहे नौंवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी गुरु पर्व के उपलक्ष में शुक्रवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा भारत सिनेमा रोड की प्रबंधक कमेटी एवं गुरु तेग बहादुर हाई स्कूल के स्टाफ एवं छात्र, छात्राओं तथा समूह संगत के सहयोग से शहर में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन श्री गुरू सिंह सभा गुरुद्वारा भारत सिनेमा रोड से शुरू हुआ और शिव चौंक, पंजाबी बाजार, तांगा चौक, मेन बाजार, सिटी थाना व पालिका बाजार से होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहिब पर जाकर संपन्न हुआ।

गुरूघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन में श्री गुरू ग्रंथ साहिब की पालकी साहिब को बड़े ही सुसि'जत ढंग से सजाया गया था। इसकी अगुवाई गुरु के पंज प्यारे कर रहे थे तथा शब्दी जत्था पालकी साहिब के पीछे पीछे संगतों के साथ वाहे गुरू नाम सिमरन जपते हुए चल रहा था। नगर कीर्तन के आगे सुखमणी सेवा सोसायटी के सदस्य झाड़ू की सेवा दे रहे थे। नगर कीर्तन में स्कूली बच्चे रंग बिरंगी पोषाकों में पंजाबी गिद्धा, पंजाबी भंगड़ा, डंबल, लेजियम तथा पीटी शो करते हुए आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। नगर कीर्तन में गुरुद्वारा साहिब के रागी भाई गुरदित्त सिंह व भाई रिषिपाल सिंह के जत्थे द्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब द्वारा रचित नौंवें महल्ले के श्लोकों को बाणी में पिरो कर गुरबाणी गायन कर रहे थे। हैडग्रंथी भाई सतबीर सिंह गुरू तेग बहादुर की जीवनी का उल्लेख करते चल रहे थे। बाजार में श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन के स्वागत के लिए जगह-जगह खाने पीने के स्टाल लगा रखे थे। नगर कीर्तन के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में पहुंचने पर मैनेजर रंजीत सिंह, मट्टू सिंह व गुरुद्वारा स्टाफ द्वारा नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया।

गुरूघर प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी को हिंद की चादर के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपना सारा जीवन मानवीय मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया था। कहा जाता है कि मुगल बादशाह औरंगजेब ने तेग बहादुर जी पर इस्लाम धर्म को कबूलने के लिए काफी मजबूर किया था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इस्लाम को स्वीकार नहीं किया। गुरु तेग बहादुर जी के साहस को देख कर औरंगजेब तिलमिला गया और गुरु तेग बहादुर जी से कहा कि वह इस्लाम और मौत में से किसी एक का चुनाव कर लें।

रविवार को शहर में निकाली जाएगी प्रभात फेरी

गुरु घर के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष में सिंह सभा गुरुद्वारा रेलवे जंक्शन से समूह संगत के सहयोग से प्रातः चार बजे शहीदी प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। जोकि रेलवे जंक्शन से चल कर गुरुद्वारा बंदा बहादुर साहिब पटियाला चौक, गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार बिजली घर, सरबत दा भला सेवा समिति रुपया चौक, सिंह सभा गुरुद्वारा भारत सिनेमा रोड, पंजाबी गुरुद्वारा होते हुए ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब पर जाकर संपन्न होगी। रविवार को ही गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में सायं 3 से 7 बजे तक गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक दीवान सजेगा जिसमें बाहर से आए रागी विद्वान गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत के बारे में व्याख्यान करेंगे।

ये रहे मौजूद

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की सदस्य बीबी परमिंदर कौर, गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब के मैनेजर रंजीत सिंह, हरविंदर सिंह, गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह चीमा, मालिक सिंह चीमा, गुरजिंदर सिंह, शोभा सिंह, सतनाम सिंह, दर्शन सिंह, परमजीत सिंह सेठी, गुरविंदर सिंह, हरबंस सिंह, सुरेश कोचर, गुलशन कोचर, भूपेंद्र सिंह सेखों, गुरु तेग बहादुर हाई स्कूल की प्रिंसिपल सुखवंत कौर, ईश्वर कौर, रोजी, सुमन, मधु भोला, गुरुद्वारा साहिब की सुखमनी सेवा सोसायटी से अरविंदर कौर, गुरजीत कौर, कांता व सुनीता उपस्थित रहे।

अग्रवाल वैश्य समाज ने सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के 42 विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की

जींद। विद्यार्थियों को जर्सिया वितरित करते हुए।

नरवाना। अग्रवाल वैश्य समाज नरवाना द्वारा सनातन धर्म पब्लिक स्कूल पतराम नगर में बच्चों को जर्सियां वितरित की गई। संस्था के प्रधान अर्जुन गोयल ने बताया कि सर्दियों में विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों के पास जर्सियों का अभाव था जिसे देखते हुए संस्था के सभी सदस्यों ने मिलकर बच्चों को जर्सियां देने का निर्णय लिया। संस्था के महासचिव राहुल बंसल ने बताया कि विद्यालय के 42 बच्चों को जर्सियां वितरित की गई। इनमें से बहुत से बच्चे पढ़ाई में होशियार थे परन्तु आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जर्सी नहीं खरीद पा रहे थे। प्रैस प्रवक्ता दीपक सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित उप प्रधान जोनी सिंगला, सुनील गर्ग, आदित्य गर्ग, दीपक गर्ग सहित सभी सदस्यों को विद्यालय प्राचार्या पूनम गुप्ता, मोहिनी सिंगला, मोनिका सिंगला ने संस्था का धन्यवाद किया।

बीते साल से अधिक आ रही कपास, धान-बाजरा की फसलें

उचाना। मंडी आई कपास, धान की फसल।

उचाना। मंडी में बीते साल से अधिक कपास, धान, बाजरा की फसल अब तक आई है। 3318559 क्विंटल फसल आई है। 259337 क्विंटल फसल बीते साल इन दिनों तक आई है। इस साल बीते साल से 723222 क्विंटल अधिक फसल मंडी आ चुकी है। बीते साल से आवक, भाव अधिक होने से मार्केट फीस में भी इजाफा हुआ है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कसानिया ने जानकारी देते हुए कहा कि इस साल पीआर धान 212620, 1509 धान 163301, बासमति 321075, कपास 55961, बाजरा 18430 क्विंटल मंडी आ चुका है। इस साल कपास के भाव 4695 से 6850 रुपए प्रति क्विंटल तक के भाव किसानों को मिल रहे है। 1121 धान के भाव 4561 से लेकर 4841 किसानों को मिल रहे है। बीते साल की अपेक्षा इस बार सभी किस्मों की फसल को मिलाकर आवक अधिक हुई है। किसानों, आढ़तियों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जा रही है।

शैक्षिण गुणवत्ता में वृद्धि पर मंथन

■ एक दिवसीय नैक कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जींद। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते डा. यशपाल सिंह।

राजकीय महाविद्यालय जुलाना के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के चेयरमैन एवं प्राचार्य डा. यशपाल सिंह ने कालेजों में नेक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया और यहां पर उन्होंने नैक प्रमाणीकरण के बारे में विस्तार से बताया। बताया जा रहा है कि राजकीय कालेज जुलाना के प्राचर्या यशपाल ने राजकीय महाविद्यालय इसरानाए राजकीय महिला महाविद्यालय मतलौडा (पानीपत), राजकीय महाविद्यालय बहरामपुर और राजकीय महाविद्यालय पानीपत सहित अपने में टी महाविद्यालयों में एक दिवसीय नैक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया था। इस मौके पर उनके साथ कार्यशाला समन्वयक डा. सुरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। डा. यशपाल सिंह नैक ग्रेडिंग पर व्यावहारिक व्याख्यान दिया और उसके प्रमाणीकरण के बारे में संक्षेप से बताया। इस मौके पर शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि पर भी पूर्ण रूप से चर्चा की । एक दिवसीय कार्यशाला के बाद उपस्थित लोग अपने संस्थानों में नैक मानकों को लागू करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हुए। इस अवसर पर डा. संजय, डा. निशु, अभिषेक शर्मा, श्रवण सहित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के सदस्य उपस्थित रहे।

गंदगी मुक्त अपना शहर नपा ने चलाया अभियान

उचाना। गंदगी मुक्त अपना शहर अभियान के तहत नपा द्वारा शहर में कई जगहों पर लगे गंदगी के ढेर जेसीबी मशीन की सहायत से हटाए गए। सफाई दरोगी जयपाल की अगुवाई में ये अभियान चलाया गया। जयपाल ने बताया कि नपा की पुरानी बिल्डिंग, रजबाहा रोड पर एसडीएफसी बैंक के आस-पास के अलावा लाइन पार जो सड़क है वहां पर सड़क किनारे कूड़ा-कर्कट के ढेर लगे हुए थे। नपा की पुरानी बिल्डिंग में जो कूड़ा-कर्कट के ढेर थे उनको लेकर कई बार यहां स्थिति कालोनी के लोगों द्वारा मांग की जा रही थी यहां से कूड़ा-कर्कट के जो ढेर है उन्हें हटाया जाए। उन्होंने बताया अब नपा शहर में गंदगी मुक्त अपना शहर अभियान शुरू किए हुए है। उन जगहों पर अभियान के तहत कूड़ा-कर्कट उठाया जा रहा है जहां गंदगी के ढेर लगे हुए है। सभी को चाहिए कि वो नपा के इस अभियान में सहयोग करते हुए कूड़ा-कर्कट को गली, सड़क पर न फैंके। सभी के सहयोग से अपने शहर को साफ सुथरा रखे।

छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे

■ राजकीय कालेज में छह दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जींद। शिविर के समापन अवसर पर आत्मरक्षा के गुर सिखती कालेज की छात्राएं।

जुलाना के राजकीय महाविद्यालय में छरू दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस कार्यक्त्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ याशपाल सिंह ने की। इस प्रशिक्षण के दौरान 100 से ज्यादा छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। राजकीय कालेज में छह दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर महिला सैल प्रभारी डा. 'योति लडवाल की देखरेख में सम्पन्न हुई। प्रशिक्षित छात्राओं ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में बहुत कुछ सीखने को मिला। छात्राएं किसी मनचले लड़कों से कैसे बचाव कर सकती हैंए और कैसे उन पर बिना किसी औजार के प्रहार कर किया जा सकता हैं इसके बारे में बहुत कुछ सीखा। लड़कियों का मानना है कि ऐसे ऐसे प्रशिक्षण शिविर समय-समय पर होने चाहिए। ताकि वे अपनी आत्मरक्षा कर सके और अपने आप को मजबूत बना सके। महिला सैल प्रभारी डाए 'योति लडवाल ने बताया कि महाविद्यालय में छह दिन का आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन हो गया हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में छात्राओं को असामाजिक तत्वों बचने के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखने चाहिए।

लघु सचिवालय के बाहर कर्मचारी असेंबली का आयोजन

जींद। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को लघु सचिवालय के बाहर हरियाणा कर्मचारी असेंबली का आयोजन किया गया। असेंबली में मंच संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान संजीव ढांडा ने किया। जबकि कर्मचारी असेंबली में अध्यक्ष के तौर पर सुनीता कालीरामण व सुरेश राठी ने निभाई और असेंबली में उठे सवालों का जवाब दिया । इसके अतिरिक्त किसान नेता फूलसिंह श्योकंद, सीटू जिला सचिव कपूर सिंह, पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला सचिव अनूप लाठर, बिजली विभाग के रामबीर शर्मा, राजेश एमपीएचडब्ल्यू समेत अनेक कर्मचारी नेताओं ने अपने सवाल किए व अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। संजीव ढांडा ने बताया कि कर्मचारी असेंबली में चार प्रस्तावों को रखा गया और चारो प्रस्तावों को उपस्थित विभिन्न विभागीय संगठनों नेताओं व कर्मियों ने एकमत से पारित किया। प्रथम प्रस्ताव में कच्चे कर्मियों को नियमतिकरण नीति बना कर नियमत करना व जब तक नियमित नहीं किया जाता तब तक समान काम समान वेतन देने का प्रस्ताव रखा।

जींद। सम्मेलन में भाग लेते कर्मचारी।

नप सफाईकर्मियों की नारेबाजी

■ शहर से नही हुआ कचरे का उठान, बढ़ी आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। नगर परिषद में धरना देते नगर परिषद सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सफाई कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी सफाईकर्मियों ने नप में धरना दे हड़ताल को जारी रखा। हड़ताल के चलते शहर से कचरे का उठान नही हुआ। जिससे जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। सड़कों किनारे भी कचरा एकत्रित होने से आमजन को परेशानी हुई। सफाईकर्मियों ने साफ काह कि उन्हें आश्वासन नही चाहिए। अगर मांगों को पूरा नही किया तो अनिश्चितकालीन हडताल पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। जिला प्रधान विजेंद्र कांगड़ा ने कहा कि सफाई कर्मचारी रेग्यूलाइजेशन की नीति बनाई जाने, सभी प्रकार के ठेकों एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किए जाने, गुरुग्राम के 3480 छंटनीग्रस्त सफाई कर्मचारियों सहित पालिकाओं, परिषदों, निगमों एवं अग्निशमन के लगभग पांच हजार कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिए जाने, पुरानी पेंशन नीति बहाल किए जाने, 29 अक्टूबर 2022 , 5 अप्रैल 2023 के समझौतो को लागू किए जाने, सभी वर्गों की वेतन विसंगतिया ठीक करने व आरक्षित श्रेणियों का बैकलॉग पूरा किए जाने, अग्निशमन विभाग के 1327 ड्राइवर व फायरमैनों को सृजित पदों, फायर ऑपरेटर कम ड्राइवर के पदों पर समायोजित कर पक्का किए जाने मांग उठाई।

भारतीय भाषा उत्सव पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

जींद। महिला काव्य मंच जींद इकाई ने शुक्रवार को मकाम के संस्थापक नरेश के सान्निध्य तथा हरियाणा प्रांत की अध्यक्षा इंदू राज निगम के मार्गदर्शन में काव्य गोष्ठी आयोजित की। महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी अध्यक्ष अनीता शर्मा की अध्यक्षता में हुई। काव्य गोष्ठी का विषय भारतीय भाषा उत्सव रहा। इसके दौरान सभी सदस्यों ने विभिन्न भाषाओं जैसे बंगाली, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, पंजाबी और असमिया पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी को चकित कर दिया। इस भाषायी उत्सव को मनाने का उद्देश्य भारत की संस्कृति व विभिन्नता में एकता को दर्शाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अनीता शर्मा द्वारा मां सरस्वती की आराधना के साथ किया गया। गोष्ठी का संचालन जींद इकाई की सचिव रेखा गुप्ता ने किया। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से किसी ने सामाजिक समस्याओं पर तो किसी ने जीवन के मधुर व सार्थक पहलुओं पर और किसी ने माता.पिता के स्नेह को कविताएं द्वारा उजागर किया। शोभा कविता शर्मा, शिखा, ट्विंकल, ममता, प्रियंका, अनू, आशा, मीनाक्षी, संजू, पूनम शर्मा मौजूद रहे।

जींद। काव्यगोष्ठी में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

ऋषिकुल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया

छात्रों को पढ़ाया आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। गीतिका जाखड़ को स्मृति चिन्ह देते राजीव गिल। फोटो : हरिभूमि

पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार लड़कियों की सुरक्षा, साइबर जागरूकता, नशे से दूरी बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक गीतिका जाखड़ ने ऋषिकुल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खेलों में भाग लेने, लड़कियों की सुरक्षा, साइबर जागरूकता, नशे से दूरी बनाए रखने के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर एसआई पूजा थाना प्रभाई साईबर क्राइम जींद, उपनिरिक्षक नरेश कुमार, पुलिस प्रवक्ता अमित कुमार, मुख्य सिपाही अजय, जोगेंद्र व अन्य टीम के सदस्य शामिल थे। डायरेक्टर राजीव गिल ने सभी का धन्यवाद किया। गीतिका ने बताया कि आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े ही चालाक किस्म के हैं, जिनसे बचना होगा। वैसे जिला यमुनानगर में साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और साइबर हैल्पडेस्क गठित है जो लगातार इस दिशा में काम रही है। इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफार्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बना कर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा।

नशा न करने की शपथ दिलाई

लड़कियां को आत्मरक्षा के लिए सबसे पहले अपने आप को डिवल्प करना होगा ताकि आपको कोई किसी तरह का कोई हानि ना कर सके। लडकियां जब भी अपने आप को असुरक्षित महसुस करें तो उसी समय महिला हैल्पलाइन 1091 करें डायल करें जिससे उन्हे तुरन्त प्रभाव से पुलिस सहायता मिलेगी। इस मौके पर नरेश कुमार ने नशे के खिलाफ अपने विचार रखे और नशा ना करने बारे शपथ दिलवाई। मुख्य सिपाही जोगेंद्र सिंह ने बताया कि अगर लापरवाही के कारण कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व 112 पर तुरंत कॉल करें या फिर साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत करें। इसके अतिरिक्त नजदीकी थाने में जाकर थाने में स्थापित साइबर हैल्पडेस्क या साइबर क्राइम थाना पर भी शिकायत कर सकते हैं।

जींद। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता छात्र कॉलेज स्टाफ के साथ।

हिंदू कन्या कॉलेज ने ओवरऑल ट्राफी में पाया दूसरा स्थान

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि में गत 11 व 12 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें हिंदू कन्या कॉलेज ने ओवरऑल ट्राफी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें रितु ने शॉट पुट में प्रथमए उषा ने शॉटपुट में तृतीय, तनु देवी ने 400 मीटर में प्रथम, दीप्ति ने हाई जंप में द्वितीय व लॉग जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंशु ने 5000 मीटर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर व शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका मीना मलिक ने खिलाड़ियों को खेलों में बढ़ चढक़र भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज समिति के प्रबंधक डा. अंशुल सिंगला ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

खबर संक्षेप

डॉ. रणदीप बने स्वास्थ्य विभाग के मुखिया

कैथल। हरियाणा हैल्थ मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन ने डॉ पूनिया को एचओडी स्वास्थ्य विभाग बनने पर उन्हें बधाई दी है। राज्य प्रधान अमित बुरा ने बताया कि डॉक्टर पूनिया बहुत ही अच्छे प्रशासक और सकारात्मक सोच के अधिकारी हैं, वो प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीएमओ आदि पदों पर कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचा चुके हैं। उनके स्वास्थ्य विभाग का मुखिया बनने से पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

शादी का झांसा देकर युवती को स्कूल से भगाया

कैथल। पुलिस ने स्कूल से एक 18 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक महिला व एक व्यक्ति को नामजद किया है। एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 14 दिसंबर को उसकी 18 वर्षीय बेटी स्कूल में गई हुई थी। छुट्टी के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटी। जब उन्होंने स्कूल में पूछा तो पता चला कि उसे उनके पड़ौसी नवाब व राधिका स्कूल से ले गए।

सरकार से प्रदेश का हर वर्ग दुखीः सुरेश रोड़

पूंडरी। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड पबनावा ने बताया कि विधायक दल नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. उदयभान ने आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चंडीगढ़ मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं की एक बैठक ली। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर पार्टी की नीतियों को न्यूज़ चैनल पर जोर-शोर से रखने के दिशा निर्देश दिए और प्रवक्ताओं को सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं भ्रष्टाचार की भी पोल खोलने के लिए तथ्यात्मक आधार पर जनता को वास्तविकता से अवगत कराने का मूल मंत्र दिया गया।

मनोहर सरकार की नीति देशभर में प्रशंसनीय

पूंडरी। पूंडरी हलके से 2 बार विधायक रहे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. दिनेश कौशिक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है कि पूरे देश में आज भगवा लहरा रहा है। करनाल मार्ग स्थित अपने प्रतिष्ठान पर एक भेंटवार्ता में उन्हों ने कहा कि गत दिनों 5 राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित हुए, जिसमें 3 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि सामान्य कार्यकर्त्ता और पंक्ति में बैठे अंतिम कार्यकर्ता को भी मुख्यमंत्री जैसे पद पर विराजमान किया जा सकता है।

42 लाख गरीब परिवारों को नहीं मिल रहा राशन

कैथल। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने कहा कि हरियाणा में 42 लाख से अधिक परिवार ऐसे हैं, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा दिया जा रहा राशन नहीं मिल रहा। इसका कारण है कि हरियाणा में गरीब परिवारों की संख्या में हुई बढ़ौतरी है। केंद्र सरकार एक करोड़ 20 लाख परिवारों को ही प्रदेश में राशन देती है। जबकि हरियाणा में गरीब परिवारों की संख्या बढकर डेढ़ करोड़ से अधिक हो गई है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत परिवारों के अलावा शेष परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा दिया जाने वाला डिपो राशन नहीं मिल रहा।

नप कर्मचारियों का दूसरे दिन भी धरना जारी

गुहला-चीका। नगर पालिका कर्मचारी सघ हरियाणा एबं संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही दो दिवसीय टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल के आज दूसरे दिन नगर पालिका चीका के सफाई कर्मचारी व फायर के कर्मचारी हड़ताल पर रहे।

ग्रामीणों ने किया यात्रा का जोरदार स्वागत

गांव सरोला व रत्ताखेड़ा लुकमान में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

विभिन्न विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गांव सरोला और रत्ताखेड़ा लुकमान में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद पहुंची, जहां पर ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंच सके।

गांव सरोला में आयोजित बीजेपी नेत्री सुरजीत कौर विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। बीजेपी नेत्री सुरजीत कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपनी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आधार मान कर ही गरीबी मिटाने का कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाईन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।

गुहला-चीका। ीजेपी नेत्री सुरजीत कौर विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद में महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित करते हुए

ये रहे मौजूदः इस अवसर पर बीडीपीओ राजबीर सिंह, सरपंच रूपेंद्र कौर, गुरुमुख सिंह, मालक सिंह, लखा सिंह, प्रगट सिंह, नरवर सिंह, जोगा सिंह, तरसेम सिंह, अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे।

पूंडरी। पूर्व विधायक तेजबीर सिंह बदनारा में जन संवाद कार्यक्रम का दौरा करते हुए

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ गांव बदनारा व दुसैण में

पूंडरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव बदनारा व दुसैण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में घर द्वार पर ही जरूरतमंद लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। पूर्व विधायक तेजबीर सिंह ने गांव बदनारा व दुसैण में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि आज जहां देश में आधारभूत संरचनाओं को मजबूती प्रदान की जा रही है, वहीं लाईन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनेकों ऐसी योजनाएं चलाई हैं, जिनके माध्यम से गरीब से गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच रहा है। अब ऑनलाईन व्यवस्था से संबंधित व्यक्तियों को पेंशन आदि योजनाएं सीधी मिल रही है। सरकार की योजनाओं पर प्रत्येक लाभार्थी का पूरा हक है। कार्यक्रमों में सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सभी को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलवाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग की भजन पार्टियों ने गीतों के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस मौके पर सुभाष हजवाना, अनिता चौधरी, देवीदयाल बरसाना, देवेंद्र पांचाल, विनोद बंसल, वेद प्रकाश, राजेश बनवाला के अलावा अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

कैथल। डीसी प्रशांत पंवार जाट स्कूल में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए

स्वास्थ्य, सेवा के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही रेडक्रॉस सोसायटी : प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी एक मानवतावादी संगठन है, जो स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता का सिद्धांत लेकर आगे बढ़ती है। निःस्वार्थ सेवा भावना हमें हमेशा महान संगठनों से प्राप्त होती है। शिविर में दी गई जानकारी समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगी। हमें अपने जीवन में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करनी चाहिए।

डीसी प्रशांत पंवार शुक्रवार को जाट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रॉस विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर के समापन्न अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर स्वयं सेवकों को सदैव योगदान देते रहना चाहिए। रैडक्रॉस सोसायटी पूरे विश्व में मानव सेवा का कार्य कर रही है। ऐसी संस्था से स्वयं सेवकों के रूप से जुड़कर आमजन की सेवा का कार्य प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। जीवन में अच्छा व पौष्टिक भोजन लेने का संकल्प लें। अनीमिया से बचने के लिए पौष्टिक आहार लें, विशेषकर लड़कियां इस और जरूर ध्यान दें। वर्तमान परिवेश में मोबाईल फोन ज्यादा उपयोग में लाने की आदत से बचें और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करें। निरंतर किताबें व अखबार पढ़ते रहें, ताकि नवीनतम जानकारी का ज्ञान होता रहे। इस मौके पर डीसी ने दुबई में आयोजित विश्व स्तरीय बैठक जोकि पर्यावरण पर आधारित थी, उसके बारे में सवाल किया तो बरोट बंदराना के राजकीय विद्यालय की छात्रा ज्योति ने ठीक उत्तर दिया। इसी प्रकार अनीमिया विषय पर पूछे गए सवाल का जवाब स्वयं सेवक तथा राजकीय विद्यालय कैलरम के राहुल शर्मा ने दिया। डीसी ने दोनों बच्चों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों व काउंसलर्ज को डीसी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

जिला रैडक्रास सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने डीसी प्रशांत पंवार का स्वागत करते हुए कहा कि इस पांच दिवसीय शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अनेक शिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे कि प्रतिभागियों को जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम बनाया जा सके।

डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

पाई के ग्राम सचिवालय में कैथल के उपायुक्त प्रशांत पंवार लोगों की समस्या सुनने पहुंचे। ग्रामीणों को दोपहर 12 बजे का टाइम दिया गया था, वहीं 12 बजे ग्रामीण अपनी समस्या लेकर वहां पहुंचना भी शुरू हो चुके थे, लेकिन ग्रामीण वहां बैठे इंतजार करते रहे। अधिकारी वहां 2 बजे पहुंचे तब तक कुछ ग्रामीण तो अपनी समस्या लेकर वापसी लोट गए ग्रामीणों का कहना था 12 बजे का टाइम हमें दिया गया था लेकिन अधिकारी 2 घंटे लेट थे वहीं कुछ ग्रामीणों ने जो गलियां कच्ची पड़ी हैं।

उनको पक्का करवाने की मांग रखी और खिलाड़ियों ने एक मांग रखी जो गांव पाई में पिलनी रोड़ पर 7 एकड़ में स्टेडियम बना हुआ है जिसका काम अधुरा है उसका पुरा करके खेल स्टेडियम को शुरू किया जाए।

पंचायत ने गांव में एक पार्क की मांग भी की गई है कैथल डीसी ने कहा की मिलकर काम करो। अपने गांव में गलियों और नालियों की साफ-सफाई रखो जो की पंचायत का भी काम है और साथ ही नरेश एडवोकेट के साथ साथ ग्रामीणों ने मांग रखी है की विकलांगों के लिए व्हीलचेयर ओर जिन लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड,वोट कार्ड, फैमली आइडी, राशन कार्ड नहीं बने हुए उनक लोगों की समस्या को भी कैथल डीसी के सामने रखा गया।



पाई। डीसी प्रशांत पंवार लोगों की समस्याएं सुनते हुए

उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही 18 व 26 को पंचकूला में

कैथल। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा।

छात्र कुरुक्षेत्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी गुलाम अली के छात्रों को गुरू गोबिंद सिंह पॉलिटेक्निक चीका व गीता जयंती कुरुक्षेत्र के शैक्षणिक भ्रमण को प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने बस को हरी झंडी देकर रवाना किया। प्राचार्य ने सुबह प्रेयर में अपने संबोधन में कहा की शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। चीका पोलटेक्निक में बच्चे नई तकनीकी और मशीनों की जानकारी लेकर अपने भविष्य को रोजगारपरक बनाने में कामयाब होंगे।

गीता जयंती कुरुक्षेत्र में स्कूली छात्र हरियाणवी संस्कृति से रूबरू होंगे। दूसरे प्रदेशों से आए कलाकारों की कलाकारी देखेगे। मंदिरों और ब्रह्म सरोवर की महत्ता को समझेंगे। प्रदेश की धरोहर को नजदीक से देखकर अपनी अतीत की संस्कृति की महत्ता को समझेंगे जो जीवन भर उनके काम आएगी। स्मरणीय है कि शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले छात्रों की खुशी देखते ही बन रही थी। कई छात्राओं ने बताया की ऐसा सामूहिक शैक्षिणक भ्रमण वे पहली बार कर रही है। स्कूली भ्रमण में छात्रों संग प्राध्यापक पवन शास्त्री, चिन्नू शर्मा, महेश मैडम, संदीप कुमार और सेवादार बबली को बच्चो की देखरेख के लिए भेजा गया।

सीवन। खेडी गुलाम अली मे बस को हरी झंडी देकर रवाना करते प्रधानाचार्य हरपाल सिंह

ईवीएम व वीवीपैड की जानकारी के लिए लघु सचिवालय में खोला ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर

कलायत। आगामी चुनाव से पूर्व आम मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैड की जानकारी और प्रदर्शन केंद्र देने के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में मॉडल मतदान केंद्र खोला गया। कार्यालय अवधि के दौरान कोई भी आम मतदाता आकर न केवल ईवीएम-वीवीपैड के माध्यम से मतदान कर वोटिंग प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रुप से समझ सकता है बल्कि इसके तकनीकी पहलुओं से भी अवगत हो सकता है। उपमंडल निर्वाचन अधिकारी एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने शुक्रवार को ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का उद्घाटन किया। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि वीवीपैड का पूरा नाम वोटर वेरिफियेबल पेपर ऑडिट ट्रायल मशीन है। यह एक प्रिंटर मशीन है जिसे ईवीएम के साथ जोड़ा गया है। इसके माध्यम से मतदाता अब यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनके द्वारा दिया गया मत उसी उम्मीदवार के पक्ष में गया है जिसके पक्ष में उन्होंने मतदान किया है।

कॉलेज में फार्मेसी सप्ताह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

एसडीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मेसी सप्ताह आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न क्रीड़ाओं में सक्रिय रूप से भाग लिए। कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बीण फार्मेसी के तीसरे वर्ष के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में अमित के उत्कृष्ट प्रदर्शन से डी फार्मेसी की टीम ने बी फार्मेसी के तीसरे वर्ष की टीम को हराया। इसी तरह शतरंज में साहिल ने प्रथम स्थान हासिल किया। लॉन्ग व हाई जंप में राहुल ने 15ण10 फीट के कॉलेज रिकॉर्ड को अपने नाम किया। इसके अलावा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शुभम के शानदार प्रदर्शन से बीण फार्मेसी ने जीत हासिल की। इस दौरान आंचल ने अपनी रंगोली के माध्यम से सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को पैंडेमिक में कोरोना योद्धाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्रा पायल, सहदेव, शुभम शर्मा, पलक, पीयूष, आंचल ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। जिसमें पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कॉलेज के प्रिन्सिपल डा धीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षा और खेलों के महत्व पर बोलते हुए कहा कि मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास का भी जीवन में उचित महत्व है।

राजौंद। राजौद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कालेज मैनेजमेंट व प्राचार्य।

संतोख माजरा में क्रिसमस-डे की तैयारियां पूरे जोरों पर

राजौंद। गांव संतोख माजरा में क्रिसमस-डे की तैयारियां पूरे जोरों पर की जा रही हैं। 25 दिसंबर को मनाएं जाने वाले क्रिसमस डे को लेकर लोग में भारी उत्साह नजर आने लगा है। इस बारे चर्चा कमेटी सदस्य मा जोसफ दास ने बताया कि क्रिसमस.डे को बड़े दिन के रूप में भी मनाया जाता है। जिसके लिए आसपास के गांवों से हजारों लोग इस त्यौहार का लुत्फ उठाने के लिए यहां पहुंचते हैं। क्रिसमस.डे की पूर्व संध्या पर गांव में स्थित चर्च में बच्चों द्वारा रंगबिरंगी पोशाकें पहनकर सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाते हैं। गांव में स्थित गिरजाघर को खूब सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर वाले दिन गांव के अलावा विदेशों से भी लोग प्रभु यीशु से प्रार्थना करने के लिए अपने पैतृक गांव में अवश्य पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग इस दिन प्रार्थना में हिस्सा लेते हैं। क्रिसमस.डे को लेकर गांव के सभी लोगों में एक नया उत्साह दिखाई दे रहा है।



नपा में दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर दूसरे दिन भी टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल ब्लॉक प्रधान संदीप की अध्यक्षता में जारी रही। इस दौरान मंच का संचालन उप प्रधान सुरेश कुमार ने किया। ब्लॉक प्रधान संदीप ने बताया की सरकार कर्मचारियों की मांगों की और कोई ध्यान नहीं दे रही व सरकार गहरी नींद में सोई हुई हैं। सरकार ने नो वर्क नो पे का फरमान जारी किया है जो गलत है यह वापिस लिया जाए।

उन्होंने बताया कि कोरोना काल में भी कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए जनता की सेवा की है फिर भी सरकार इस गरीब समाज कि तरफ ध्यान नहीं करती। ब्लॉक प्रधान ने कहा कि हमारी मुख्य मांगे हैं कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा बंद करना, डोर टू डोर का ठेकेदार कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रहा जो कि गलत है।

तीन ड्राइवरों का वेतन भी दो ड्राइवर के बराबर होना चाहिए। पालिका रोल सफाई कर्मियों के ईएसआई कार्ड बनाए जाएं। इस दौरान फायर के साथियों ने भी हड़ताल का समर्थन किया। इस दौरान जसमेर, राकेश, कृष्ण, राजवीर, संजय, बीना, बिट्टू, सतबीर व संदीप की कर्मचारियों ने भाग लिया।

कैथल। सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करते हुए

विद्यार्थियों ने नशा न करने के ली शपथ

स्कूल में नशा न करने के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत शुक्रवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा गर्ल्स स्कूल धनौरी, सनराइज पब्लिक स्कूल व सर छोटूराम दीनबंधु स्कूल धनौरी तथा गांव टटियाना स्थित स्कूल में आमजन सहित छात्र-छात्राओं व मौजिज व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है नशा लाखो परिवार बर्बाद कर चुका है और कर रहा है जिसकी वजह से हर साल हजारों नवयुवक नशे की दलदल में फंसकर अपनी जान गंवा बैठे है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस द्वारा बेहतर कदम उठाए जा रहे है। पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान में जनता के सहयोग की जरूरत है। आमजन बिना किसी डर भय के नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों की सूचना बेखौफ होकर पुलिस को दे, सूचना देने वाले का नाम पूर्णतया गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा छुड़ा कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना पुलिस के साथ साथ आमजन का भी कर्तव्य है। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

कैथल। छात्राओं को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी

खबर संक्षेप

नशा तस्कर 4.15 ग्राम हेरोइन सहित काबू

कैथल। एंटी नारकोटिक सैल द्वारा गांव खरकां से एक नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 4.15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई मंजीत सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान गांव खरकां क्षेत्र में मौजूद थी। जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि खरकां निवासी कृष्ण कुमार अपने घर के आस पास मादक पदार्थ हेरोइन बेचने का काम करता है।

क्षेत्र में नशे की बिक्री होती है तो हो कार्रवाई

पूंडरी। सभी पुलिस कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि के समय

गश्त के अलावा आम जनमानस के सहयोग से गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के लिए भी कार्य करें। उपरोक्त शब्द रामनिवास शर्मा थाना प्रभारी पूंडरी ने चौकी प्रभारी एवं बीट अधिकारियों की विशेष बैठक लेने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में कहे। इस दौरान उन्होंने जहां लंबित केसों का शीघ्र निपटान करने के आदेश दिए इसके साथ-साथ उन्होंने आपराधिक घटनाओं पर कड़ी नजर रखने के भी आदेश दिए। एस.एच.ओ. ने बताया कि किसी भी गांव या वार्ड में चोरी की घटना न घटे, अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे।

विदेश भेजने के नाम पर 34 लाख रुपये ठगे

सफीदों। सफीदों पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 34 लाख रुपये ठगने व दो युवकों को स्पेन में बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को गांव धर्मगढ़ निवासी तेजपाल, साहब सिंह व सुखदेव सिंह के खिलाफ शिकायत भेज कर गांव जीतगढ़ निवासी अमित ने कहा कि गांव मिर्चपुर (जींद) निवासी सुमित उसका जीजा लगता है। सुमित की मुलाकात तेजपाल व साहब सिंह के साथ हुई थी। साहब सिंह हरियाणा रोडवेज में ड्राइवर के पद पर कार्यरत है। तेजपाल व साहब सिंह ने सुमित व उसके दोस्त साहिल को सही तरीके से अमेरिका में भेजने का झांसा देते हुए कहा कि वह एक महीने के अंदर-अंदर अमेरीका भेज देगा।

हरिभूमि कार्यालय में स्वर्गीय मित्रसेन जी की 93वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम

चौधरी मित्रसेन आर्य का जीवन गीता समान : डॉ. गोपाल गोयल

- गुरुकुल शिक्षण को जिंदा रखने वाले योद्धा थे चौधरी मित्रसेन आर्य : डॉ. राजेश भोला
- चौधरी मित्रसेन आर्य ने युवाओं को चरित्रवान बनने के लिए प्रेरित किया : डॉ. रमेश पांचाल

जींद। स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य को श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएमओ डा. गोपाल गोयल व व डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला और सतेंद्र पंडित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि जमीन से चलकर आसमान की उंचाइयां छूने की तमन्ना रखने वालों के लिए स्व. चौधरी मित्रसेन जी आर्य का जीवन एक गीता के समान है, जिसे वे अपने जीवन में उतार कर बड़े से बड़ा काम करने का सबल प्राप्त कर सकते हैं। सीएमओ डा. गोपाल गोयल शुक्रवार को वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय मित्रसेन जी की 93वीं जयंती पर हरिभूमि कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित करने के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य सरल हृदयी, मृदुभाषी, पुरुषार्थी व पारम्परिक मूल्यों के संरक्षक-पोषक जैसे कई आयामों वाले विराट व्यक्तित्व के धनी चौधरी मित्रसेन आर्य जी के आदर्श और जीवन मूल्य मानवता की सेवा करने के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे। चौधरी मित्रसेन जी का जन्म 15 दिसंबर, 1931 को हिसार जिले के गांव खांडाखेड़ी के आर्य समाजी परिवार में हुआ। उनके पिता चौधरी शीशराम जी खेती-बाड़ी के अलावा आर्य समाज के अवैतनिक भजनोपदेशक थे। सीएमओ ने कहा कि कहा कि कड़ी मेहनत व लग्न के बाद चौधरी मित्रसेन आर्य ने उड़ीसा, बिहार और छत्तीसगढ़ के नामी-गिरामी माइनिंग कारोबारियों में न केवल अपनी अलग पहचान बनाई बल्कि उन्होंने कर्मचारियों को अच्छा वेतन देकर जन कल्याण का नया रास्ता खोला। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 'कृषि विशारद' की उपाधि से सम्मानित स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य गुजरात में आए विनाशकारी भूकंप के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए।

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य ने युवाओं को चरित्रवान व गुणवान बनाने के लिए तकनीकि व उच्च शिक्षा के लिए अनेक शिक्षण संस्थाओ की स्थापना की। चौधरी साहब ने उड़ीसा के बीहड़ जंगलों से लेकर घने पहाड़ों में शिक्षा की अलख जगाते हुए गुरुकुल, विद्यालयों, महाविद्यालयों, बीएड कॉलेज, इंजीनियरिंग सहित कई शिक्षण संस्थाओं का निर्माण करवाया जिनमें आज हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। डा. भोला ने कहा कि कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार में जन्मे चौधरी मित्रसेन आर्य का बचपन विकट परिस्थितियों में गुजरा। काला मोतिया के चलते उनके पिता जी की आंखों की रोशनी चली गई। जिस कारण चौधरी मित्रसेन को तीसरी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़कर जीवन के संघर्ष में उतरना पड़ा। चौधरी मित्रसेन जी ने अपने आशावादी दृष्टिकोण, विवेक व बुद्धि के बल पर पहाड़-सी कठिनाइयों का सामना अत्यंत धैर्यपूर्ण ढंग से किया। चौधरी मित्रसेन आर्य ने अपनी सूझ-बूझ, कठिन परिश्रम, दूरदर्शिता और सादगी के बल पर सफलता की एक ऐसी शानदार इबारत लिखी, जो लाखों-करोड़ों लोगों का सपना होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, उद्योग, मीडिया के क्षेत्रों में नया मुकाम बनाने वाले चौधरी मित्रसेन जी के जीवन पर क्रांतिकारी गतिविधियों का गहरा प्रभाव रहा। लाला लाजपत राय जैसे क्रांतिकारियों के संपर्क में आकर चौधरी साहब ने स्वाधीनता संग्राम से जुड़ी गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य ने पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को हमेशा महत्व दिया। इसलिए ही उन्होंने अपने कारोबार की परवाह न करते हुए हिंदी सत्याग्रह आंदोलन में भाग लिया और चार-पांच माह हिसार जेल में बंद रहे और वे हमेशा इस आंदोलन में जुड़े रहे। सन 1948 में चौधरी मित्रसेन आर्य ने रोहतक में एक वर्कशॉप में लेथ मशीन का काम सीखा। सतेंद्र पंडित ने कह कि सन 1954 के शुरू में चौधरी साहब उदयपुर चले गए। इसके बाद उन्होंने वर्ष 1956 में रोहतक को ही अपनी कर्मथली बनाया। इसके बाद चौधरी मित्रसेन आर्य ने उड़ीसा के बड़बिल की तरफ रुख किया।

यह रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार कटवाल, बान सिंह आर्य, कलीराम पटवारी, सीआरएसयू के वीसी. डा रणपाल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मबीर सैनी, डा. राज सैनी, रमेश सैनी, मेजर सत्यपाल, डा. एकता सिंधु, विभिन्न खापों के चौधरी, 40 से 'यादा सामाजिक, धार्मिक आर्य समाज से जुडे सस्थाओं के पदाधिकारी व शिक्षण सस्थानों से जुडे लोग मौजूद रहे के रूप में मनाया गया।

डीएसपी उमेद सिंह इंडस पब्लिक स्कूल में झांकियों का अवलोकन करते हुए।

इंडस पब्लिक में चौधरी मित्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई

- भाषण, कविता, संगीत, डांस, सरस्वती वंदना, खेलकूद प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में चौधरी मित्रसेन जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई और साथ ही दिसंबर माह के आरंभ से चल रही 'एनुअल स्पोर्ट्स मीट' का समापन भी हुआ। छात्रों ने भिन्न-भिन्न गतिविधियां भाषण, कविता, संगीत, डांस, सरस्वती वंदना, खेलकूद प्रतियोगिता, झाँकियां, डिज्नी परेड, एक दिवसीय 'भारत मित्र स्तंभ' खांडा-खेडी भ्रमण आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया । छात्रों ने 'भारत मित्र स्तंभ' खांडा खेड़ी के भ्रमण से ब्रह्मांड संरचना, मध्यकाल की वीरांगनाओं, क्रांतिकारियों, आधुनिकरण तथा मित्रसेन जी के जीवन के सभी पहलुओं का अवलोकन किया तथा अपनी संस्कृति को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डी.एस.पी. उमेद सिंह ने शिरकत की। इंडस पब्लिक स्कूल की मेंटर बिमला सुरजेवाला, विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण, विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पुनिया, डॉ. अमरीत सहारण, बॉक्सिंग कोच राजेंद्र सिंह तथा गुरमीत सिंह मौजूद रहे। सर्वप्रथम छात्रों द्वारा विशेष स्कूल बैंड से मुख्य अतिथि का बड़े ही अनोखे एवं मनमोहक अंदाज में स्वागत किया गया। स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की आदर्श जीवन शैली व समाज हितैषी कार्यों को विभिन्न झांकियों से दशार्या गया। मुख्य अतिथि के कर-कमलों से चौधरी मित्रसेन आर्य की प्रतिमा का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी लड़ी में कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें' जय जय कारा', सरस्वती वंदना प्रस्तुति, शुक्रिया नृत्य, कराटे प्रस्तुति, बॉक्सिंग प्रस्तुति प्रमुख रहे। नन्हें-नन्हें छात्रों की डिज्नी परेड विशेष आकर्षण का केंद्र रही जिसे सभी ने खूब सराहा। स्टाफ, स्पोटिंर्ग स्टाफ तथा अभिभावकों ने भी खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया तथा अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने भाषण में चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जीवन, शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयास, लोकहित एवं वैदिक धर्म के प्रति समर्पण की भावना आदि पर प्रकाश डाला। अभिभावकों को मेडल और गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया।

जींद। फाउंडर्स-डे पर जरूरतमंदों को सामान देते हुए इंडस जूनियर विंग के बच्चे।

इंडस स्कूल जूनियर विंग में हुआ फाउंडर्स डे सेलिब्रेशन

जींद। इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के संस्थापक चौधरी मित्र सेन आर्य का जन्म दिवस विद्यालय प्रांगण में समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशिका रचना श्योराण, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, मुख्यध्यापिका गुरमीत कौर, अध्यापिकाओं व सभी छात्रों के द्वारा स्वर्गीय चौधरी मित्र सेन आर्य जी को पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें प्राधिकारियों सहित अध्यापिकाओं व सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों को तरह-तरह की एक्टिविटीज कराई गई व कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स मीट का भी आयोजन किया गया। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए शहर के कुछ पाकोंर् में स्कूल के छात्रों द्वारा पौधारोपण किया गया। अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को फल, स्टेशनरी व खाने-पीने का सामान भी वितरित किया गया। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी मित्र सेन जी व्यक्तित्व के धनी होने के साथ-साथ मानवता के जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने हमेशा शिक्षा के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण पर बल दिया। वे इस समाज के लिए 'योति स्तंभ हैं और उनके द्वारा दिखाए गए जीवन मूल्यों के मार्ग पर हम हमेशा चलते रहेंगे।

इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा में चौधरी मित्रसेन जयंती पर हुआ हवन का आयोजन

- चौधरी मित्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा में यज्ञ आहुति डालते हुए।

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में वैदिक पथ के पथिक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य जी का 93वां जन्मदिवस इंडस पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने आहुति डालकर चौधरी मित्रसेन आर्य जी को याद किया। सभी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों को आर्य समाज के स्तंभ चौधरी मित्र सेन आर्य जी की जयंती पर बधाई देते हुए इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेंद्र मड़ोत्रा ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव में चौधरी शीश राम जी के घर हुआ था। चौधरी मित्रसेन आर्य एक प्रसिद्ध व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता, उद्यमी और आर्य समाजी थे। उन्होंने गरीब और वंचित तबकों के लिए अनेक कार्य किए। उनकी निस्वार्थ समाज सेवा से हमें मार्गदर्शन मिलता है। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने इंडस संस्थाओं की नींव आधुनिक शिक्षा मुहैया करवाने के लिए रखी थी। जिसको आज इंडस समूह निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

कैथल। हरिभूमि कार्यालय में चौधरी मित्रसेन को याद करते कार्यालय के स्टाफ सदस्य व प्रबुद्ध वर्ग।

हरिभूमि कार्यालय में चौ. मित्रसेन को याद किया

कैथल। कैथल के जाट कालेज मार्केट स्थित हरिभूमि कार्यालय में चौधरी मित्रसेन जी का 92वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एडवोकेट अशोक सहारण एडवोकेट, मनोज सहारण एडवोकेट, राममेहर ढांडी एडवोकेट, जयकिशन गोयल, अभिलाश शर्मा, बलजीत सिंह, राकेश कुमार, सानू शर्मा, ललित गोयल, हरिभूमि के जिला प्रभारी सूरज सहारण व नरेश पंवार सहित पूरी टीम ने मित्रसेन की प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर उन्हें याद किया। वरिष्ठ एडवोकेट अशोक सहारण एडवोकेट ने कहा कि मित्रसेन सादगी और संघर्ष के धनी थे। अपनी मेहनत के बलबूते पर ही उन्होंने जमीन से आसमान तक की ऊंचाइयों को छुआ। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। मनोज सहारण एडवोकेट ने मित्रसेन की जीवन पर प्रकाश डाला तथा उन्हें एक कुशल राजनेता और दूरदर्शी बताया। राममेहर ढांडी एडवोकेट और जयकिशन गोयल एडवोकेट ने मित्रसेन के समर्पण के बारे में बताया। मित्रसेन ने समाज को एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया।

सफाई कर्मचारियों की दूसरे दिन भी हडताल जारी

नरवाना। शुक्रवार को रा'य कमेटी के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों द्वारा दूसरे दिन भी हड़ताल की गई। सफाई कर्मचारी जिला प्रधान जगदीश बुम्बक कहा कि सरकार के साथ हमारे जो समझौते हुए थे उनको लेकर सरकार ने कोई परिपत्र जारी नहीं किया है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर कई बार अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन अधिकारियों ने कर्मचारियों की कोई बात नहीं सुनी। प्रधान ने कहा कि यदि हमारी मांगों का पत्र जारी नहीं किया तो हम यह हड़ताल अनिश्चितकाल के लिए चलाएंगे जिसके लिए सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। उन्होंने मांगें रखी कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, पुरानी पैंशन बहाल की जाए, गुरूग्राम व रोहतक में हटाए गए करीब 4000 कर्मचारियों को वापिस काम पर लिया जाए। भूपेन्द्र, राजो, तरसेम, कृष्ण, मंगलनाथ, संजय, किताबो आदि मौजूद रहे।

सेवा का मौका मिलना एक गौरवशाली क्षण : डीसी

- हर भारतीय युवा को भारतीय सिविल सर्विसेज की परीक्षा देनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआरएसयू में आयोजित कार्यक्रम में डीसी को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए वीसी।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में उड़ान आईएएस के सहयोग से चूजिंग सिविल सर्विसेज विषय पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट विभाग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट किया और अधिष्ठाता मानविकी संकाय प्रो. एसण्केण सिन्हा ने मुख्य अतिथि का विश्वविद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर मोहम्मद इमरान रजा ने विद्यार्थियों के साथ अपनी सिविल सर्विसेज में आने तक की यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभव सांझा किए। वे भी एक मध्यमवर्गीय परिवार से उठ कर शिक्षा के बलबूते पर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि सिविल सर्विसेज की तैयारी करते-करते सात सरकारी नौकरियों के 'वाइनिंग लैटर प्राप्त कर चुके थे और कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का बहुत ज्यादा महत्व है, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को समय की अहमियत को समझकर सही समय पर सही निर्णय के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएएस एक भारतीय सिविल सेवा है जोकि भारत सरकार की सबसे उच्च स्तरीय नौकरी मानी जाती है। यह सेवा भारत सरकार के विभिन्न विभागों और राज्यों में सरकारी नौकरियों की सहायक सेवाओं का प्रशासनिक प्रबंधन करती है।

रोजगार मेले में 32 उम्मीदवारों का चयन किया गया

नरवाना। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सहायक रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में सरहिंद ट्रेनिंग सेंटर पंजाब के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की गई। सरहिंद कंपनी से भर्ती अधिकारी संतोख सिंह ने मौके पर ही प्रार्थियों के विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेकर युवाओं का चयन किया गया। इस रोजगार मेले में कल 52 प्रार्थियों ने हिस्सा लिया। जिन में से योग्य 32 उम्मीदवारों का मौके पर ही चयन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन बार-बार किया जाता है और यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क होती है रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

सुरक्षा मंच की मांगों पर सरकार गंभीर नहीं

- 20 को एसडीएम कार्यालय पर दिया जाएगा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला-चीका। बैठक में विचार विमर्श करते गुहला सुरक्षा मंच के पदाधिकारी।

गुहला सुरक्षा मंच की आवश्यक बैठक मंच के संयोजक जीवन आनंद कौशिक की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे कई अहम फैसले लिए गए। जीव आनंद ने कहा कि सड़क सुरक्षा मंच और प्रशासन के बीच इस बात को लेकर सहमति बनी थी कि गुहला की सभी सड़कों को निश्चित समय अवधि मे पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने बताया कि यह भी समझौता हुआ था कि सड़कों के निर्माण पर अच्छी सामग्री डाली जाएगी ।लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी गुहला की लिंक सड़के आज भी जस की तस है।उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी रामनगर से लेकर समाना, गुहला से लेकर भाटिया, हरिगढ़ किंगन से लेकर सिंह और अनेक गांव की सड़के हैं जिनका अभी तक निर्माण भी नहीं हुआ ।उन्होंने कहा कि आज 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार और प्रशासन कुंभकरणी नींद सोए हुए हैं। मंच के संयोजक ने कहा कि सरकार और प्रशासन की नीयत और नीति में फर्क है। सरकार सड़कों को बनाना ही नहीं चाहती। 20 दिसंबर को एसडीएम कोर्ट गुहला के सामने सड़कों के निर्माण और किसानों की समस्याओं को लेकर धरना दिया जाएगा ,जिसमें हजारों की तादाद में गुहला के अलग-अलग संगठनों से लोग शामिल होंगे।

15 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित की गई अबेकस चैंपियनशिप

आयुष ने राष्ट्रीय अबेकस चैंपियनशिप में पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। आयुष गर्ग को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय का 5वीं कक्षा में पढ़ने वाला नौ वर्षीय प्रतिभाशाली आयुष गर्गए राष्ट्रीय सटीकता परीक्षा में प्रतिष्ठित पहला स्थान हासिल करके एक चमकते सितारे के रूप में उभरा है। अबेकस चैम्पियनशिप 15 अक्तूबर को दिल्ली के इंडिया गेट के पास गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में आयोजित चैंपियनशिप में आयुष ने देश भर के दो हजार से अधिक छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा की। उनके असाधारण कौशलए सटीकता और समर्पण ने उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए प्रेरित किया। गौरवान्वित पिता कृष्ण कुमार ने आयुष की उल्लेखनीय उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए अपने बेटे की कड़ी मेहनत और विद्यालय अबेकस अध्यापिका रेशमा को श्रेय दिया। परिणामों की आधिकारिक घोषणा 10 दिसंबर को प्रतिष्ठित मानेकशॉ सेंटर, दिल्ली कैंट, धौला कुआं, नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह के दौरान हुई। आयुष को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा मिलीए जो उनकी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण अवसर था। आयुष गर्ग की उपलब्धि उनकी शैक्षणिक कौशल का प्रमाण है और देश भर में युवा दिमागों के लिए प्रेरणा का काम करती है। आयुष गर्ग की उपलब्धि न केवल उनके गणितीय कौशल को दर्शाती हैए बल्कि मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में विकसित शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी उजागर करती है। वीपी शर्मा और हैड काआर्डिनेटर सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि जैसा कि आयुष गर्ग ने अपनी शैक्षणिक यात्रा जारी रखी है, वैसे ही सभी बच्चे अपने परिश्रमए दृढ़ संकल्प से सफलता पाई है।

- बच्चे ने अपने परिश्रमए दृढ़ संकल्प से सफलता पाई